>

Title: Need to provide alternate passage to pedestrian traffic due to closure of VIP Gate at Chandrapura Dhanbad and reopen Phusro Railway Crossing in Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): अगस्त 2010 में धनबाद वी0आई0पी0 गेट, चन्दूपुरा रेलवे लाईन से यात्रियों को प्रवेश और फूसरो समपार को पुनः चालू करने के संबंध में मामला नियम 377 के माध्यम से उठाया गया, परन्तु दिनांक 27.10.2010 के सरकार के उत्तर में बताया गया है कि सुरक्षा और संरक्षा कारणों से इन स्टेशनों पर यात्री एवं वी0आई0पी0 सुविधाओं को बंद कर दिया गया है, जो कि तथ्यों से परे है। कोलकाता/हावड़ा प्लेटफार्म से सटे क्षेत्र में पार्किंग की व्यवस्था है, वह आज तक बंद नहीं हुई, धनबाद में वी.आई.पी. गेट के संबंध में रेलवे को गुप्तचर विभाग से प्राप्त असुरक्षा संबंधी सूचना और इस संबंध में रेलवे द्वारा की गई वांछनीय कार्यवाही के मद्देनजर चन्दूपुर में बंद स्टेशनों के कारण यात्रियों को होने वाली असुविधाओं को दूर करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था अविलम्ब की जाये तथा साथ ही फूसरो में जो समपार बंद किया गया है, वह पी.डब्ल्यू.डी. और ईसीएल, सी.सी.एल और बी.सी.सी.एल को जोड़ने वाली कोल ट्रैक रोड़ है। यहां भी यात्री सुविधा हेतु समपार की वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए।

अतः सरकार यात्री सुविधा को पुनः बहाल करने के लिए मंडल प्रबंधन के निर्णय की पुनः समीक्षा और प्रभावी कदम उठाने का कष्ट करें।